# UP News: यूपी में बनेगी नई सौर ऊर्जा नीति, पांच वर्षों में 22,000 मेगावाट सोलर पावर उत्पादन का लक्ष्य

Author: **Umesh Tiwari**
Publish Date: Sun, 21 Aug 2022 11:17 PM (IST) | Updated Date: Sun, 21 Aug 2022 11:17 PM (IST)



Solar Energy New Policy In UP मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों पर हमें अपनी निर्भरता कम करनी होगी।

**UP News: लखनऊ, राज्य ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए नई सौर ऊर्जा नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्ष में 22,000 मेगावाट सोलर पावर उत्पादन का लक्ष्य तय किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों पर हमें अपनी निर्भरता कम करनी होगी। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई सौर ऊर्जा नीति तैयार की जाए। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्ष में 22,000 मेगावाट सोलर पावर उत्पादन का होना चाहिए।



UP News: कौन हैं पंकज बिष्ट, जिन्हें मिलेगा डा. राही मासूम रजा साहित्य सम्मान-2022

यह भी पढ़ें



मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा उत्पादन और भंडारण के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को अनुकूल माहौल देने पर जोर दिया। कहा, परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली लागू की जाए। सोलर रूफटाप माडल को अपनाने और लागू करने के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाना उपयोगी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या को 'माडल सोलर सिटी' के रूप में विकसित करने की महत्वपूर्ण योजना पर काम कर रही है। यह परियोजना अन्य शहरों के लिए मानक प्रस्तुत करेगी। इस संबंध में सभी जरूरी प्रयास समयबद्ध ढंग से किए जाएं।